प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



ममता ने वकील बन कर खेला बड़ा "राजनीतिक दांव" पेज-2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज-6 संगठित शक्ति से ही सामाजिक विकास संभव : विनोद

वर्ष : 15 अंक : 51 | सोमवार 09 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# पीएम मोदी का खुलासा

## भारतीयों की तरह मलेशिया के प्रधानमंत्री भी हैं एमजीआर के बड़े प्रशंसक

एजेंसी कुआलालंपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत में हममें से कई लोगों की तरह मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम एमजीआर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित दोपहर भोज के समय तमिल अभिनेता की फिल्म नालाई नामाधे का एक गीत प्रस्तुत किया गया था, इसी दौरान मोदी ने इस बात का जिक्र किया। मारुदुर गोपालन रामचन्द्रन को एमजीआर के नाम से जाना जाता है। वह एक लोकप्रिय भारतीय अभिनेता, निर्देशक और निर्माता थे। उन्होंने तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पार्टी की स्थापना की और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। उनका निधन 1987 में हुआ। नालाई नामाधे अभिनेता की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है, जो 1975 में रिलीज हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम द्वारा आयोजित दोपहर भोज में प्रस्तुत गीतों में से एक महान एमजीआर अभिनीत फिल्म नालाई नामाधे का गीत था। मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी भारत में हममें से कई लोगों की तरह एमजीआर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं! मलेशिया, भारतीय मूल के लोगों की सबसे अधिक आबादी वाला दूसरा देश है, जिनमें अधिकतर तमिल लोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी मलेशिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इससे पहले उन्होंने कुआलालंपुर में एक सामुदायिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं और उन्होंने यह भी कहा कि तमिल प्रवासी कई सदी से मलेशिया में हैं। उन्होंने कहा कि इस इतिहास से प्रेरित होकर भारत ने मलाया विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना की है तथा अब साझा विरासत को और मजबूत करने के लिए एक तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेगा।



## बीजेपी मंत्री बोले, राहुल गांधी पप्पू थे, पप्पू हैं और पप्पू ही रहेंगे

### -कांग्रेस जहां कहीं रह भी गई है ,वहां भी नहीं रहेगी

(एजेंसी) श्योपुर। एमपी के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में कहा है कि वो पप्पू थे, पप्पू हैं और पप्पू रहेंगे। ये बयान काफी चर्चा में आ गया है। श्योपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बीजेपी कार्यालय पर केंद्रीय बजट को प्रेस कांफ्रेस की। इस मौके पर राकेश शुक्ला ने राहुल गांधी के केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने वाले बयान पर पलटवार किया । उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा और कहां कि वह पप्पू है और पप्पू थे और पप्पू ही रहेंगे। जिन प्रदेशों में कांग्रेस रह भी गई है वहां भी खत्म कर देंगे। प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला का यह बयान अब सुर्खियों में है। आपको बता दें कि बीते बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस हो गई थी। राहुल गांधी ने इस दौरान रवनीत सिंह बिट्टू पर तीखा हमला करते हुए उन्हें गद्दार कह दिया। हालांकि यह वीडियो आने के बाद बीजेपी ने भी इस पर तुरंत पलटवार भी कर दिया था। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने भी विपक्ष के नेता राहुल गांधी को घेरा और उन्होंने भी उनके बयान पर पटलवार करते हुए कहा है उनके नेताओं से जो उम्मीद की जा सकती है.राहुल गांधी पप्पू थे.पप्पू है. और वह हमेशा पप्पू रहेंगे. उन्होंने कहा कि ऐसा मेरा मानना है उनकी बात को गंभीरता से लेना उसके यह परिणाम है जहां प्रदेशों में कांग्रेस रह गई है आने वाले परिणामों में भी नहीं रहेगी।



## शताब्दी समारोह में बोले संघ प्रमुख, सभी को विश्वास में लेकर हो यूसीसी का निर्माण

(एजेंसी) मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को बनाते समय सभी को विश्वास में लिया जाना चाहिए और इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए। भागवत ने आरएसएस के शताब्दी समारोह के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। हाल में हुए भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर भागवत ने कहा कि समझौतों में लेन–देन होता है। उन्होंने कहा, यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होना चाहिए... हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमें नुकसान न हो। हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की मांग पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सावरकर को यह पुरस्कार दिए जाने से इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी।

## भाजपा ने विपक्ष को मिल रहे मराठी समर्थन के कारण रितु तावड़े को मुंबई का महापौर चुना : संजय राउत

(एजेंसी) मुंबई। शिवसेना–उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) नेता संजय राउत ने रविवार को



दावा किया कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव में उनकी पार्टी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को मिले मराठी लोगों के भारी समर्थन के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मुंबई के महापौर के रूप में एक मराठी व्यक्ति को चुनना पड़ा। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भी कटाक्ष किया। शनिवार को आरएसएस शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में अभिनेता सलमान खान को संघ प्रमुख मोहन भगवत से बातचीत करते देखा गया था। राज्यसभा सदस्य ने पूछा, क्या यह फिल्म अभिनेता सलमान खान का स्वागत था या (यह संदेश था कि) संघ व उसकी शाखाओं में मुसलमानों का भी स्वागत है? उन्होंने आरोप लगाया कि भागवत को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए क्योंकि जिस तरह से हिंदू–मुस्लिम नफरत और बदले की भावना से प्रेरित दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है, उसमें संघ भी शामिल है। राउत ने मुंबई के महापौर पद के लिए भाजपा द्वारा रितु तावडे (53) को उम्मीदवार बनाए जाने पर कहा कि वह मूल रूप से कांग्रेस से हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के पास अपना कोई उम्मीदवार नहीं है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, जिस तरह से मराठी लोगों ने भारी बहुमत से शिवसेना (उबाठा) और मनसे को वोट दिया, भाजपा को मुंबई में एक मराठी महापौर बनाना ही पड़ा। रितु तावडे, मुंबई की महापौर बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और शिवसेना (उबाठा) द्वारा किसी प्रतिद्वंद्वी को मैदान में नहीं उतारने के फैसले के बाद चार दशकों में सत्तारूढ़ पार्टी की वह पहली महापौर बनेंगी। रितु के निर्विरोध चुने जाने से ठाकरे परिवार का बीएमसी पर 25 साल का वर्चस्व समाप्त हो गया।

## शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का बनाया गया ब्रांड एंबेसडर, सरकार को कहा धन्यवाद

(एजेंसी) नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिए राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा, षदिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक




बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है। ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शिखर धवन का जुड़ना इस पहल को बहुत अधिक भरोसा और प्रेरणा देता है, और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के स्पोर्ट्स टैलेंट की पहचान करने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से जुड़ता है। शिखर धवन ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं और इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निदेशालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो टैलेंट से भरा हुआ है और सही मौके और प्रदर्शन की तलाश में है। एक प्रोफेशनल एथलीट के तौर पर, मैं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलने की अहमियत समझता हूं और अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिए, मैं युवाओं के लिए अपने सपने पूरे करने का रास्ता और इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहा हूं। भारतीय खेलों में दिल्ली की एक समृद्ध विरासत है और मुझे उम्मीद है कि इस एसोसिएशन के जरिए मैं उभरते हुए टैलेंट को स्वयं पर विश्वास करने और भाग लेने के लिए प्रेरित कर पाऊंगा, जिससे दिल्ली को देश की खेल राजधानी बनाने के हमारे विजन में योगदान मिलेगा।

## कर्नाटक: विजयपुरा में बड़ा हादसा, प्राइवेट जेट हुआ क्रैश, 2 लोग घायल

(एजेंसी) विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुर जिले में रविवार दोपहर एक छोटा निजी विमान एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोग दुर्घटना से पहले ही उससे बाहर निकलने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो सीट वाला विमान विजयपुर के बाबलेश्वर तालुक के मंगलुरु गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान में सवार दोनों व्यक्ति हादसे से पहले उससे बाहर निकलने में सफल रहे। सूत्रों के मुताबिक, हादसे में विमान के तीन टुकड़े हो गए। विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। प्रशिक्षण विमान ने कलबुर्गी से बेलगावी के लिए उड़ान भरी थी। घटना के सिलसिले में और जानकारी की प्रतीक्षा है।

## झूला संचालक और कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

(एजेंसी) फरीदाबाद। सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में झूला गिरने की घटना में फरीदाबाद पुलिस ने सूरजकुंड पुलिस स्टेशन में झूला संचालक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में मुख्य आरोपी हिमाचल फन केयर के मालिक मोहम्मद शाकिर हैं, जो हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के टोका नांगला गांव के निवासी है। शनिवार शाम को वे ही उस विशाल झूले का संचालन कर रहे थे



जो बीच हवा में टूटकर गिर गया, जिससे एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई। पुलिस ने डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसीपी क्राइम वरुण दहिया, जो एनआईटी की क्राइम ब्रांच के प्रभारी हैं और सूरजकुंड पुलिस स्टेशन के सब इंस्पेक्टर संजय कुमार इस दल के अन्य सदस्य हैं। यह दल जिम्मेदारी, सुरक्षा अनुपालन और संभावित लापरवाही सहित सभी पहलुओं की जांच करेगा। शिकायतकर्ता एएसआई सनी ने बताया कि घटना के समय वह अपने प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मेले में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि शाम करीब 6 बजे कुछ लोग सुनामी झूले पर झूल रहे थे, तभी अचानक वह एक तरफ से टूट गया। इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद और उनके साथी कर्मचारी लोगों को बचाने के लिए दौड़े। जब वे ऐसा कर रहे थे, तभी झूला दूसरी तरफ से भी टूट गया और उन पर गिर पड़ा। इस घटना में इंस्पेक्टर प्रसाद, अन्य पुलिसकर्मियों और लोगों को गंभीर चोटें आईं। सभी को अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। हालांकि, इंस्पेक्टर प्रसाद ने दम तोड़ दिया। एएसआई सनी ने अपनी शिकायत में आगे कहा कि हमारे इंस्पेक्टर की मौत हिमाचल फन फेयर कंपनी के मालिक मोहम्मद शाकिर और उनके कर्मचारियों द्वारा जानबूझकर लोगों की जान को खतरे में डालने के कारण हुई, क्योंकि उन्होंने सूरजकुंड मेले में लगे झूलों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया।

## पीयूष गोयल बोले, अगले 5 वर्षो में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं

(एजेंसी) नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को अगले 5 वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं खरीदने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने इसे एक बहुत ही मामूली आंकड़ा बताया, क्योंकि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था लगभग 2 लाख करोड़ डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत अमेरिका से लगभग 300 अरब डॉलर के उन सामानों का आयात कर सकता है, जो वह दूसरे देशों से खरीद रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि हम आज भी 300 अरब डॉलर के उन सामानों का आयात कर रहे हैं, जिन्हें अमेरिका से मंगाया जा सकता है। हम पूरी दुनिया से आयात कर रहे हैं। अगले 5 वर्षों में यह बढ़कर दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने वाला है... मैंने अपने समकक्षों से कहा कि देखिए, मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि भारत में मांग है, लेकिन आपको प्रतिस्पर्धी होना होगा। भारत और अमेरिका ने शनिवार को घोषणा की थी कि उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप दे दिया है। दोनों पक्षों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के ऊर्जा उत्पाद, विमान और उनके घटक, कीमती धातुएं, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोल खरीदने की इच्छा जताई है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में बड़े निवेश की घोषणा की है। इसलिए, मेरा मानना है कि हम देश में 10 गीगावाट के डेटा सेंटर देखेंगे और इसके लिए भारत को उपकरणों की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति अमेरिका कर सकता है। यह पूछने पर कि क्या अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद योजना में बोइंग विमानों के वे ऑर्डर भी शामिल हैं जो भारत पहले ही दे चुका है, उन्होंने कहा कि हम जिस बारे में बात कर रहे हैं वह निरंतरता में है और इसमें वह सब शामिल है जो हम पहले से खरीद रहे हैं। आज भी भारत अमेरिका से 45–50 अरब डॉलर के बीच आयात कर रहा है, और ये वे उत्पाद हैं जिनका उत्पादन भारत नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें विमानों की आवश्यकता होगी। हमें विमानों के लिए इंजन चाहिए होंगे। हमें कलपुर्जों की आवश्यकता होगी। हमने बोइंग को ही विमानों के लिए पहले से 50 अरब डॉलर के ऑर्डर दिए हुए हैं। हमारे पास इंजनों के लिए ऑर्डर हैं। अगले 5 वर्षों के लिए लगभग 80–90 अरब डॉलर के ऑर्डर पहले ही दिए जा चुके हैं। हमें वास्तव में इससे भी अधिक की आवश्यकता होगी। मैंने पिछले दिनों पढ़ा कि टाटा कुछ और ऑर्डर देने की योजना बना




रहा है। मेरा मानना है कि तेल, एलएनजी, एलपीजी और कच्चे तेल के अलावा केवल विमानन क्षेत्र के लिए ही हमें कम से कम 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता है। देश को इस्पात उद्योगों के लिए कोकिंग कोल की आवश्यकता है। जब हम 300 अरब तक पहुंचेंगे, जो एक घोषित लक्ष्य है और इस्पात उद्योग में विस्तार बहुत तेज गति से हो रहा है। हमें अकेले कोकिंग कोल के लिए प्रति वर्ष 30 अरब डॉलर की आवश्यकता होगी। जिन उत्पादों का मैं उल्लेख कर रहा हूं, वे कांग्रेस के समय से जब संप्रग सत्ता में थी, तब से आयात किए जा रहे हैं। इसमें कुछ भी नया नहीं है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में इन सामानों की मांग बढ़ रही है। इन सभी उत्पादों की मांग और खपत में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा, हमने बजट में कहा कि हम डेटा सेंटर को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम एआई मिशन को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम भारत में महत्वपूर्ण विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देना चाहते हैं। इन सबके लिए उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी, आईसीटी उत्पादों और एनवीडिया चिप्स के साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए एआई मशीनरी की आवश्यकता होगी। यह सब कहां से आने वाला है? उन्होंने कहा कि सबसे शक्तिशाली प्रौद्योगिकी प्रदाता अमेरिका है। गोयल ने अंत में कहा, इसलिए, सालाना 100 अरब डॉलर बहुत मामूली है। मुझे लगता है कि यह उस देश के लिए बहुत ही कम है, जो 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है, जैसा कि भारत का इरादा है।

# सम्पादकीय

## योगी की तर्ज़ पर सम्राट चौधरी

बिहार विधानसभा में इन दिनों बजट सत्र चल रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इस सत्र की शुरुआती से ही सरकार और विपक्ष के बीच नोकझोंक जारी है। विपक्ष जहां कानून व्यवस्था की दुहाई देकर बिहार सरकार की घेराबंदी करने में लगी है, वहीं दूसरी तरफ नीतीश सरकार अपने सुशासन से लोगों के विकास की बात कर रही है। बीते कुछ दिनों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी का दौरा जारी है। इन सब के बीच अब सूबे के गृहमंत्री सम्राट चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने राजद पर हमला करने के साथ–साथ कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की जनता ने आरजेडी को हरा दिया लेकिन लालू जी को इतना पुत्र प्रेम था कि उन्होंने बेटे को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया है। जो लोग आरजेडी में गुलामी करने बैठे हैं वो कर रहे हैं। वहां कोई लोकतंत्र नहीं। जनता ने जवाब देकर उनको 25 सीटों पर ही समेट दिया है। सम्राट चौधरी ने बिहार की मौजूदा कानून–व्यस्था को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं बिहार में कानून व्यवस्था सही नहीं चल रही है, उनको मैं सिर्फ इतना बता देना चाहता हूं कि अब बिहार पुलिस का खौफ ऐसा है कि बिहार को तो छोड़ दीजिए बेंगलुरु में बैठकर भी अपराधियों को ऑन एयर आकर खुदको बचाने की गुहार लगानी पड़ती है। तो वहीं दूसरी ओर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बार फिर से विपक्षी पार्टियों के प्रदेश में अपराध को लेकर किए गए हमलों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार सुरक्षित हाथों में है और सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। सम्राट ने कहा कि कुछ अपराधी छिपने के लिए बेंगलुरु तक चले गए, लेकिन वहां भी बिहार पुलिस पहुंच गई। अपराधी कहीं भी होगा, बिहार पुलिस उसे पकड़कर जेल में डालेगी। वैशाली में सोना डकैती के आरोपी प्रिंस के एनकाउंटर पर प्रदेश के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अपराधी कोई भी हो, बिहार में बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि अपराधी अपने लिए जगह खोज लें, बिहार छोड़ दें। वहीं नीट छात्रा मौत मामले को लेकर राबड़ी देवी द्वारा मंत्री के बेटे पर लगाए गए आरोपों पर सम्राट चौधरी ने कहा कि अगर किसी के पास सबूत है तो सामने लाएं। नीट मामले में जिसका भी नाम आएगा, उसे 24 घंटे के अंदर गिरतार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं बिहार में कानून व्यवस्था सही नहीं चल रही है, उनको मैं इतना बता देना चाहता हूं कि अब अपराधियों में बिहार पुलिस का खौफ है। बिहार पुलिस ने बीते दिनों कुख्यात अपराधी मनोज सिंह और माणिक सिंह को बेंगलुरु पुलिस की मदद से गिरतार किया है। अंत में कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की कानून–व्यवस्था के संबंध में अपने योगी मॉडल के लिए जाने जा रहे हैं। ठीक उसी तरह से अब बिहार में उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री सम्राट चौधरी भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तर्ज पर चलते हुए दिख रहे हैं।


नफीस जाफरी

## भारत का स्वर्णिम अवसर

हरिशंकर व्यास

अमेरिका से यूरोप का बिदकना भारत का स्वर्णिम अवसर है। विश्व राजनीति में नई सोच, नई ताकत के लिए नए गठजोड, नए बाजार, नए साझेदार के अवसर हैं। इसमें 150 करोड़ लोगों के भारत बाजार के लिए मौके ही मौके हैं। आवश्यकता सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्शन के दस घंटों की है। वे अफसरशाही, डोवाल–जयशंकर के घेरों से बाहर निकलें और जैसे 24 जुलाई 1991 के दिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने सुबह आठ बजे से शाम को आठ बजे के दस घंटों में भारत की आर्थिकी को बदला वैसा ही कमाल कर दिखाएं। नरसिंह राव ने दस घंटों में ही भारत को बदला। इन दस घंटों में उन्होंने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह का बजट देखा, कैबिनेट से ओके कराया तो संसद में बजट प्रस्तुत होने के बाद बतौर उद्योग मंत्री खुद नरसिंह राव ने उद्योग–पूंजी, लाइसेंस के अफसरी ढांचे को ध्वस्त करने के नोटिफिकेशन बनवाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश–दुनिया को समाजवाद से मुक्त बताया। वैसा ही साहस चाहिए। भारत नए गठजोड़ के साथ नए विजन बनाए। ध्यान रहे ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाद 26 जनवरी के बाद भारत–यूरोपीय संघ में मुक्त व्यापार संधि होने वाली है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा गणतंत्र दिवस की परेड में विशिष्ट अतिथि हैं। कुछ दिन पहले जर्मन के चांसलर शोल्ज़ भी भारत आए थे। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दावोस में कहा है हम भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के कगार पर हैं। कुछ लोग इसे श्सभी सौदों में सबसे बड़ाय मानते हैंकृऐसा समझौता जो दो अरब लोगों का साझा बाज़ार बनाएगा। वैश्विक जीडीपी के लगभग एक–चौथाई का प्रतिनिधित्व करेगाष। गलत नहीं है ऐसा मानना। पर गौर करे श्दो अरब लोगों का साझा बाज़ारय! यही पेंच है। यह सवाल है कि नए दो अरब लोगों के बाजार के 150 करोड़ भारतीयों के पास यूरोप, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाजार में बेचने को क्या है, जबकि यूरोप का तो हर उत्पाद भारत में भरपूर बिकेगा! इसलिए भारत को अपनी कोर आवश्यकता की पूर्ति का सौदा पटाना चाहिए। आवश्यकता सुरक्षा के लिए हथियारों की है। भारत स्वदेश में विश्व स्तरीय हथियार बनाए। यह मिशन अब अमेरिका से झटके के बाद यूरोपीय देशों, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, यूरोपीय संघ का भी है। यूरोप बेइंतहां रिसर्च–तकनीक निर्माण में खपेगा। उससे किसी तरह भारत का साझा बने। मतलब यूरोप रिसर्च, तकनीक, शस्त्र प्रणालियां (जो भारत में संभव नहीं) बनाए और साझा पूंजी निवेश से फैक्ट्रियां भारत में लगे। भारत में रोजगार, आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा। कुछ वैसा ही मॉडल जैसे सुजुकी कंपनी ने भारत में मारूति–सुजुकी बना अपना और जापान का दोनों का मुनाफा बनाया तो वह भारत के देशज ऑटो उत्पादन का आधार भी हुआ। यह संभव है। प्रमाण यूरोपीय संघ के पारस से जैसे–तैसे सदस्य बने तुर्की का विकसित होना है। कई जानकार तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन और नरेंद्र मोदी को समतुल्य मानते है। दोनों राष्ट्रवादी, धर्मवादी और वैश्विक धमक के नेतृत्वकर्ता। पर कई बुनियादी फर्क है। तुर्की वास्तविक विकास की कहानी है। पिछले साल तुर्की ने स्वदेशी हथियार निर्माण की झांकी में एक रक्षा प्रदर्शनी आयोजित की। और उसकी रिर्पोर्ट सुनते हुए मुझे मालूम हुआ कि दस साल पहले तुर्की रक्षा साजो सामानों में सिर्फ 30 प्रतिशत आत्मनिर्भर था। अब 80 प्रतिशत है! वह अफ्रीका महाद्वीप को सर्वाधिक हथियार बेचता है। उसके उन्नत ड्रोन और अन्य रक्षा उपकरण हिट है। 2025 का तुर्की का रक्षा और एयरोस्पेस निर्यात 10.56 बिलियन डॉलर अनुमानित है। वैश्विक हथियार निर्यात में विश्व का अब वह 11वां निर्यातक देश है। जबकि भारत का 2024–25 में रक्षा निर्यात आंकड़ा 23,622 करोड़ रुपए (लगभग2.76 बिलियन डॉलर) का है। सो, तुर्की की कहानी की एक बड़ी वजह यूरोपीय संघ के पारस से उसका सोना बनना है। वह यूक्रेन को ड्रोन बेचता है तो पुतिन से भी संबंध रखता है। आज तुर्की से कई गुना, कई तरह के बड़े अवसर भारत की बाजार हैसियत की बदौलत है। यूरोपीय देश आगे हथियारों के लिए बुद्धि–पूंजी खपाएंगे तो उन्हें इस काम में श्रम शक्ति, बाजार का साझा भी चाहिए। इसमें यदि भारत लपके, कूटनीति करे, यूरोपीय संघ (ब्रिटेन, जर्मनी आदि) की कंपनियों से भारत घुलमिल जाए तो जहां अमेरिका, रूस, चीन की तोड़ बनेगी वही सभ्य–लोकतांत्रिक यूरोपीय मिजाज की संगत भी बनेगी। क्या नहीं?

# ममता ने वकील बन कर खेला बड़ा ''राजनीतिक दांव''


गुलफिशा खान

विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में हो रहे वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सियासत तेज है। इसी सिलसिले में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि मुक्य चुनाव आयुक्त का हाल धनखड़ जैसा होगा। चुनाव आयुक्त से मिलने के बाद ममता बनर्जी ने सवाल उठाते हुए कहा– चुनाव से 3 महीने पहले एसआईआर क्यों किया? चुनाव वाले राज्यों को छोड़ सकते थे? असम में भाजपा सरकार है वहां एसआईआर नहीं किया गया। उन्होंने चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आप भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। आप वोट जोड़ नहीं रहे, काट रहे हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट चली गई हैं। इतना ही नहीं, अब तो ममता बनर्जी एसआईआर के मुद्दे पर ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए महाभियोग लाने की बात कह रही हैं। बताया जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को लेकर ममता बनर्जी विपक्षी पार्टियों से संपर्क में हैं। वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि जिस तरह से वह एसआईआर करवा रहे हैं, वह गलत है और देश के हर नागरिक के वोटिंग के अधिकार पर असर डालता है। अब बात एसआईआर के मुद्दे पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का देश की सुप्रीम कोर्ट जाना, बल्कि सबसे बड़ी बात यह है कि उनका इस केस में बतौर वकील सुप्रीम कोर्ट पेश होना और दलील देना। हालांकि इससे पहले भी देश के कई मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं



लेकिन या तो आरोप में या फिर अपने बचाव में लेकिन मुझे याद नहीं आता है कि कभी किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री दिल्ली में हो और सुप्रीम कोर्ट में जा कर खुद दलीलें पेश की हो। गौरतलब है कि ममता बनर्जी इस बार दिल्ली आती हैं और साथ में उन लोगों को साथ लाती हैं जिन्हें वो एसआईआर का पीड़ित बताती हैं। उन सभी को लेकर ममता बनर्जी चुनाव आयोग जाती है वहां जाने के पहले चुनाव आयोग के साथ होने वाली बैठक को कैमरा के सामने करवाने की मांग करती हैं। चुनाव आयोग के साथ बैठक के दूसरे दिन दिल्ली में नेशनल मीडिया के सामने एक प्रेस कॉन्रेंस करती हैं जिसमें उन लोगों को भी बैठाया जाता है जिन्हें वो अपने साथ लेकर आई थी। ममता बनर्जी ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने की बात कही,ये भी कहा कि वो जानती हैं कि बंगाल में उन्हें एक राजनैतिक लड़ाई लड़नी पड़ेगी और उसे वो उसी रूप में लड़ने के लिए तैयार हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि एक राज्य के मुख्यमंत्री होने के नाते उन्होंने 6 पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा मगर चुनाव आयोग ने उनकी एक भी चिट्ठी का जवाब नहीं दिया। ममता बनर्जी यहीं नहीं रूकी उन्होंने यहां तक कहा कि उनकी जो मुलाकात चुनाव आयोग के साथ हुई उसमें भी उनके साथ अच्छे ढंग से व्यवहार नहीं किया गया। संवाददाता सम्मेलन में ही ममता बनर्जी ने यह इशारा कर दिया कि वो अगले दिन सुप्रीम कोर्ट में जब एसआईआर मामले की सुनवाई होगी तो वो वहां जाएगी और अपनी बात रखेंगी क्योंकि उनके पास भी कानून की डिग्री है और वो पेटीशनर भी है। ममता बनर्जी कोर्ट खुलने से पहले 10–30 बजे ही सुप्रीम कोर्ट पहुंचती है और पीछे जा कर बैठ जाती हैं। जब पश्चिम बंगाल में एसआईआर का मामला 12–50 में आता है तब वो आगे आती हैं। मामले पर उनके वकील बात कर रहे होते हैं मगर ममता बनर्जी चीफ जस्टिस से खुद भी बोलने की अनुमति मांगती है। वो अदालत से कहती हैं कि उन्हें केवल पांच मिनट चाहिए मगर चीफ जस्टिस कहते हैं कि बोलिए हम आपको 15 मिनट तक सुनेंगे। ममता बनर्जी ने अदालत के सामने वो सारी बातें रखी जो वो अभी तक पब्लिक मीटिंग या प्रेस कांफ्रेंस में कहती आई हैं। ममता उन 70 लाख नाम को काटने के बारे में सुप्रीम कोर्ट से राहत चाहती हैं जो उनके मुताबिक बनर्जी–बंदोपाध्याय,चटर्जी– चट्टोपाध्याय, गांगुली– गंगोपाध्याय,रॉय–राय की वजह से हटा दिए गए थे। ममता बनर्जी का आरोप है कि बंगाल में 1 करोड़ 36 लाख लोगों के नाम केवल नाम के स्पेलिंग में गड़बड़ी या ऐसी कुछ सामान्य गलतियों की वजह से हटा दिए गए हैं। ममता बनर्जी के लिहाज से ये अहम है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी पूरी बात रखी जो कि वो करना चाहती थी। आखिर ममता बनर्जी ये सब क्यों कर रही थी,मतलब साफ है कि ममता अपने वोटरों को दिखाना चाहती थीं कि वो उनकी लड़ाई खुद सुप्रीम कोर्ट तक लड़ आई है। इससे उनके मुस्लिम मतदाताओं में ममता के लिए भरोसा और भी बढ़ेगा। पिछली बार भी एनआरसी के मुद्दे पर ममता बनर्जी ने मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट रखा था और इस बार एसआईआर के बहाने वही करने की कोशिश हो रही है।

# और मालेगांव की मिली पहली ''बुर्केवाली मेयर''


फरीद वारसी

मुंबई में बीएमसी मेयर चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। शिवसेना शिंदे गुट के साथ गठबंधन पर मुहर लगाते हुए भाजपा ने मेयर पद के लिए सीनियर नगरसेवक रितु तावड़े के नाम का ऐलान कर दिया। मुंबई में उप महापौर का पद शिवसेना शिंदे के खाते में जाएगा। पार्टी ने संजय घाटी को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही प्रत्याशियों ने बीते शनिवार को नामांकन के आखिरी दिन अपना पर्चा दाखिल किया। रितु तावड़े भाजपा की सीनियर कारपोरेटर हैं और तीन बार अलग–अलग वार्डों से चुनाव जीत चुकी हैं। वहीं कहा जा रहा है कि भाजपा ने रितु तावड़े को उम्मीदवार बनाकर 3एम कार्ड खेला है, वो मराठी है, महिला हैं और सीनियर होने के कारण मुंबई भाजपा की महारथी भी हैं। घाटकोपर ईस्ट और वेस्ट इलाके में शिवसेना यूबीटी से कड़ी टक्कर होने को देखते हुए इसे भाजपा का मास्टरकार्ड माना जा रहा है। मुंबई में मेयर पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के साथ ही उन्हें इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। रितु तावड़े के नाम के ऐलान के साथ भाजपा ने मराठी व्यक्ति को मेयर बनाने का अपना वादा पूरा किया है। साथ ही शिवसेना यूबीटी और मनसे की आलोचनाओं पर भी विराम लगा दिया है। अब बात मालेगांव की तो विदित हो कि महाराष्ट्र में बुर्के वाली मेयर क्यों नहीं बन सकती है... एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की यह बात आज सच साबित हो गई। बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद मुंबई को मेयर मिलने के साथ ही मालेगांव को बुर्के वाली मेयर मिल गई है। मालेगांव की नई मेयर नसरीन बानो शेख होंगी। मेयर पद मिलते ही नसरीन भावुक भी हुईं। उन्होंने अपने ससुर पूर्व विधायक और पूर्व महापौर स्वर्गीय रशीद शेख को याद करते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। मालेगांव में मेयर पद संभालते ही नसरीन बानो शेख ने इस जीत के लिए श्इस्लाम पार्टीश सहित उन सभी दलों के पार्षदों का आभार जिन्होंने समर्थन दिया था। उन्होंने


मालेगावात इस्लाम पार्टीच्या शेख नसरीन बानो खालिद महापौर

कहा कि शहर में चल रही एसआईआर कार्रवाई और जन्म प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के मामले में मजबूती से कानूनी लड़ाई लड़नी है। उन्होंने साथा ही यह वादा किया कि शहर की जनता को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। नसरीन बानो शेख ने कहा कि नगर निगम के सभी अस्पतालों के माध्यम से नागरिकों को उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना प्राथमिकता होगी। शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी और अतिक्रमण हटाकर सड़कों को आवाजाही के लिए सुगम बनाया जाएगा। हिंदू–मुस्लिम और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर मालेगांव का सर्वांगीण विकास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि महापौर पद की इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ निभाऊंगी। ज्ञात हो कि जिस पार्टी से नसरीन बानो शेख मेयर बनी हैं, उसी ने इस बार बीएमसी चुनाव नतीजों में ओवैसी की पार्टी को झटका दिया था। मुंबई से 290 किलोमीटर दूर मालेगांव विधानसभा सीट पर भले ओवैसी की पार्टी एआईएम आईएम का कब्जा हो लेकिन महानगर पालिका चुनावों के नतीजों में ऐसा नहीं हुआ। हवा कहीं और बही और नसरीन की इस्लाम पार्टी ने यहां जीत दर्ज की थी। 84 सीटों में से इस्लाम पार्टी को 35 सीटें मिली थीं तो वहीं ओवैसी की पार्टी को 21 सीटें नसीब हुईं थीं। तीसरे नंबर पर शिवसेना एकनाथ शिंदे को 18 तो वहीं समाजवादी पार्टी को 5 सीटें ही मिलीं। भाजपा को 2 तो कांग्रेस को 3 सीट मिली थीं।

# भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौताः मुक्तऔर निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता

## - भारत-यूरोपीय संघ मुक्तव्यापार समझौताः विश्व के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्र का निर्माण

श्री राजेश अग्रवाल

भारत का यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से एक समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है, जो सिल्क रोड से भी पहले की अवधि है। अगले 2000 वर्षों के अधिकांश हिस्से के दौरान, भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सबसे पसंदीदा वस्तुओं में शुमार होते थे, जिनमें से अधिकांश यूरोप तक पहुँचती थीं। इन शानदार वस्तुओं के भुगतान के तौर पर भारत को सोना और चांदी मिलते थे। अपने सुनहरे दिनों में, भारत–यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने की दृष्टि से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की। एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से इस संबंध को सुदृढ़ करने के प्रयास 2007 में शुरू हुए थे। गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत को रोकना पड़ा, क्योंकि कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के विचार अलग थे। 2022 में बातचीत फिर से शुरू हुई और चुनौतियों की जटिलता के बावजूद इसे केवल दोनों राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अंतिम रूप दिया जा सका। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस व्यापार समझौते को दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से पूरा किया है, वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम–आधारित व्यापार संबंध की पुष्टि करता है। यह समझौता ऐतिहासिक है सिर्फ इसलिए नहीं कि इसमें शामिल विषय और क्षेत्र व्यापक हैं; समझौता ऐतिहासिक इसलिए भी है क्योंकि दोनों पक्षों को ऐसे मुद्दों पर साझा रुख अपनाना पड़ा, जो कठिन और जटिल थे। सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौतारू भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौता शायद हाल के समय में किया गया सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे और जो वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह समझौता मुद्दों और चिंताओं के समाधान के सन्दर्भ में आधुनिक और नवीन है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ–साथ प्रक्रिया–संबंधी प्रावधान भी हैं। यह समझौता वस्तु और सेवा; दोनों के लिए बाजार पहुंच और नियामक बाधाओं के समाधान के लिए एक नया मॉडल स्थापित करता है, जो पारंपरिक विषयों को नवाचार–तत्वों के साथ सुदृढ़ करता है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति के नियमों का अध्याय सुनिश्चित करता है कि केवल वही उत्पाद जिनका पर्याप्त प्रसंस्करण या उत्पादन साझेदार देशों में हुआ है, उन्हें मूल देश का प्रमाण दिया जाएगा; इसे विस्तृत और जटिल उत्पाद–विशिष्ट नियमों के माध्यम से हासिल किया गया है, जो मौजूदा और नयी आपूर्ति श्रृंखलाओं के अनुरूप हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है। वस्तु और सेवाओं के लिए बाजार खोलनारू समझौते का मुख्य ध्यान दोनों पक्षों के विशाल और व्यापक बाजारों को एक–दूसरे के लिए खोलना है। यह समझौता भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99 प्रतिशत से अधिक के लिए बाजार पहुँच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90 प्रतिशत भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत निरूशुल्कच प्रवेश की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से, श्रम–सघन वस्तुएँ जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा, रत्न और आभूषण, लकड़ी और लकड़ी की शिल्पकला और समुद्री उत्पादों को जल्दी लाभ मिलेगा। यह रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि–प्रसंस्करण उद्योग और खनिज जैसे उद्योगों को भी जीवंत ईयू सामान्य बाजार में अपने निर्यात को विविधता देने में सक्षम करेगा। हालांकि, भारत ने ईयू वाहन के लिए बाजार पहुँच की अनुमति दी है, लेकिन इसे चरणबद्ध और सन्तुलित तरीके से टैरिफ कोटा के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ–साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। सेवाओं के व्यापार के लिए भारत–ईयू व्यापार संबंध में महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। इस समझौते के तहत भारत ने 144 सेवा क्षेत्रों में ईयू की प्रतिबद्धताएँ प्राप्त की हैं, जो कि अभूतपूर्व है। इसके अलावा, गतिशीलता पर अध्याय यह सुनिश्चित करता है कि पेशेवरों और संविदा सेवा प्रदाताओं का अस्थायी प्रवेश और निवास सरल और भरोसेमंद होगा, जिसका अर्थ है कि भारत के प्रतिभाशाली सेवा पेशेवर ईयू बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। वित्तीय सेवाओं पर संलग्नक भारत और ईयू के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर अधिक सहभागिता का प्रावधान करता है, जिसमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणालियों जैसे यूपीआई में तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग शामिल है। यह समझौता आयुष और पारंपरिक चिकित्सा कर्मियों को भी अधिक निश्चितता के साथ ईयू में अपनी सेवाएँ प्रदान करने की संभावना पेश करता है। मुक्त और न्यायसंगत व्यापार को बढ़ावा देनारू मुक्त व्यापार समझौता दो बड़े बाजारों के बीच मुक्त, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। व्यापार और सतत विकास अध्याय सतत विकास संबंधी चिंताओं के संदर्भ में सहयोग का एक नया मॉडल प्रस्तुत करता है। यह अध्याय दोनों पक्षों के श्रम या पर्यावरण मानकों में तालमेल बिठाये बिना दोनों पक्षों के व्यापार संबंध में सतत विकास के उद्देश्य को समग्र रूप से एकीकृत करता है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य नीति संवाद, तकनीकी सहायता और वित्तीय उपकरणों और संसाधनों को जुटाने पर है। दोनों पक्षों ने त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, गैर–उल्लंघन शिकायतें और स्वतंत्र परिशिष्ट जैसी व्यवस्थाओं पर भी बातचीत की है, जो कुछ नीति उपायों या उत्पाद–विशिष्ट उपायों के संबंध में उनकी विशिष्ट चिंताओं का समाधान कर सकते हैं। असल चुनौती यह थी कि कुछ महत्वपूर्ण हितधारकों, जैसे कि डेयरी और कृषि क्षेत्र, की चिंताओं और संवेदनशीलताओं की अनदेखी किए बिना बाजार खोलने के उच्च महत्वाकांक्षा को हासिल किया जा सके। छोटे और सीमांत किसानों और कुछ उद्योग क्षेत्रों की आय और जीवनयापन की चिंताएं हमारे मन में सबसे पहले थीं। ईमानदारी से कहें तो, इस मामले में यूरोपीय संघ ने आवश्यक लचीलापन भी दिखाया। भारत की एफटीए रणनीति का पूरकरू आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान के युग में, भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौता; भारत–यूके एफटीए, ईएफटीए और अन्य व्यापक व्यापार समझौतों से हुए लाभ में पूरक की भूमिका निभाएगा। 2021 से, भारत ने 9 व्यापक व्यापार समझौते किए हैं और अगले कुछ महीनों में कई प्रमुख आर्थिक साझेदारी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता कर रहा है। भारत–ईयू व्यापार समझौते का निष्कर्ष भारत की नई आर्थिक और व्यापारिक पहलों को तेज करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौता विस्तारित बाजार पहुंच, नजदीकी आर्थिक एकीकरण और विशेष रूप से अनिश्चित और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में रणनीतिक स्वायत्तता और सुदृढ़ता प्राप्त करने में एक बड़ा कदम है। जैसा कि आर्थिक इतिहासकार उल्लेख करते हैं, आर्थिक समृद्धि सबसे अच्छे तरीके से तब प्राप्त की जा सकती है जब राष्ट्र न्यायपूर्ण, नियम–आधारित और पूर्व अनुमान योग्य कानूनी रूपरेखा और संस्थानों के आधार पर व्यापार करते हैं। भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौता समय पर खरे उतरे इस सिद्धांत को बनाए रखने का प्रयास करता है।

(लेखक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव हैं।)

# भ्रष्टाचार जांच पर फिर टला भरोसा?

## - जिला विकास अधिकारी जांच करेंगे या तारीख पर तारीख देंगे



न्यूज वाणी ब्यूरो /सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह द्वारा विकास खण्ड महमूदाबाद में पूर्व में तैनात एवं वर्तमान में विकास खण्ड सकरन में कार्यरत खण्ड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए 20 नवंबर को मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था। शिकायत के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया, लेकिन क्या जांच को लेकर प्रशासन वास्तव में गंभीर है? जांच अधिकारी ने पहली बार 9 जनवरी 2026 को जांच के लिए पत्र जारी किया, लेकिन मौके पर जाकर जांच नहीं की गई। सवाल यह उठता है कि जांच का पत्र जारी करना ही पर्याप्त था या जांच करना भी जिम्मेदारी थी? इसके बाद लगभग एक माह बीतने के पश्चात पुनः जांच पत्र जारी कर 12 फरवरी 2026 की तिथि तय की गई। अब बड़ा सवाल यह है क्या इस बार जांच वास्तव में होगी या फिर तारीख बढ़ाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? क्या जांच में देरी किसी दबाव, संरक्षण या मिलीभगत का संकेत तो नहीं? जहां एक ओर जिलाधिकारी सीतापुर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई की बात कही जाती है, वहीं दूसरी ओर जिला विकास अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या यही कारण है कि खण्ड विकास अधिकारी खुलेआम भ्रष्टाचार करने का साहस दिखा रहे हैं? अब 12 फरवरी 2026 को यह स्पष्ट होगा कि भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच होगी या नहीं? कार्रवाई होगी या मामला दबा दिया जाएगा? या फिर खण्ड विकास अधिकारी को क्लीन चिट देकर भ्रष्टाचार के दाग मिटा दिए जाएंगे? जनता और शिकायतकर्ता की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं, अब देखना है कि सिस्टम सवालों का जवाब देता है या सवाल और गहरे होते हैं।

# पीस कमेटी की बैठक में शिवरात्रि, रमजान, होली को लेकर दिए शांतिपूर्ण आयोजन के निर्देश

संवाददाता जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली परिसर में रविवार को आगामी शिवरात्रि, रमजान और होली त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई।उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने संभ्रांतजनों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने सभी उपस्थित लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने के लिए आपसी सहयोग की अपील की। उन्होंने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों के बारे में जानकारी ली। क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी ने होलिका दहन, रमजान और होली के मद्देनजर सहयोग बनाए रखने



का आग्रह किया। क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को त्योहारों के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर निगरानी रखने और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने को भी कहा। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने संभ्रांतजनों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान अशांति फैलाने या आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, प्रधान सुरेंद्र वर्मा, व्यापार मंडल के पदाधिकारी विनोद मोदनवाल, अरविंद गुप्ता, मो. शमीम अहमद सहित सैकड़ों संभ्रांतजन मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिले की पुलिस अधीक्षक चारू निगम भी अचानक कोतवाली परिसर पहुंचीं और पुलिस अधिकारियों से संक्षिप्त वार्ता कर आगे बढ़ गईं।

# बीबीडी थाने पर धरने पर बैठीं सपा पार्षद,बोलीं विधायक बेदी राम के खिलाफ हो एफआईआर

संवाददाता लखनऊ। सपा पार्षद ममता रावत अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने पर धरना शुरू कर दिया है। वह सुभासपा विधायक बेदी राम पर मुकदमा नहीं दर्ज होने को लेकर आक्रोशित हैं। उन्होंने साफ कह दिया है कि जब तक विधायक के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज हो जाएगा, थाने से नहीं हटेंगी। उनके समर्थकों में भी भारी आक्रोश है। वे विधायक बेदी राम मुर्दाबाद के नारे लगा



रहे हैं। समर्थकों का कहना है टेंट मंगवाकर धरना देंगे। इससे थाने पर गहमागहमी की स्थिति बनी हुई है। वहीं, नगर निगम की ओर से भी आज विधायक बेदी राम के खिलाफ शिकायत दी जा सकती है। सपा पार्षद ममता रावत ने 7, फरवरी, शनिवार को विधायक बेदी राम के खिलाफ बीबीडी थाने में शिकायत दी थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है। इस पर आज, 8 फरवरी को वह अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने आई हैं। पार्षद ममता रावत का कहना है कि सुभासपा विधायक बेदीराम ने मेरे लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। गालियां दी हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी इस संबंध में अवगत कराया है। मेयर सुषमा खर्कवाल को भी लिखित में शिकायत दे चुकी हैं। ममता चौधरी ने इस प्रकरण को लेकर काफी आक्रोशि हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा विधायक बेदी राम ने मुझे गालियां दी हैं। मैं इसकी एफआईआर कराउंगी। कार्रवाई नहीं होने पर धरना दूंगी। विधायक का यह अधिकार नहीं है कि एक महिला पार्षद को गालियां दें। गोमतीनगर के भरवारा के गंगोत्री विहार फेज–टू में नाले पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। यहां सुभाषपा विधायक बेदीराम का मैरिज हॉल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विधायक ने नाले की जमीन पर कब्जा कर रखा है। 6 फरवरी को बेदीराम का एक वीडियो सामने आया था। आरोप है कि इस वीडियो में विधायक फोन पर लेखपाल कौशल को डांट–फटकार रहे हैं। कह रहे हैं कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई, वहां जाने की? नौकरी करना मुश्किल कर दूंगा। इस पर जब लेखपाल स्थानीय महिला पार्षद ममता चौधरी के कहने पर कार्रवाई की बात कहते हैं तो विधायक महिला पार्षद को भी गालियां देते हैं। लेखपाल कौशल ने पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही थी। वहीं, विधायक बेदीराम ने सभी आरोपों को नकारा था। उनका कहना है कि हमने अपने बच्चों से बात की थी। नगर आयुक्त ने कार्रवाई रुकवाई थी, हमने नहीं।

# ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी वैगनआर कार,महिला समेत 2 लोग घायल

संवाददाता लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रविवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। एक वैगनआर कार ईंट से लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार महिला पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गए।उनकी पहचान



सरोजनीनगर के विकास और संगीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। टक्कर इतनी भीषण रही कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रॉली पलट गई। इस दौरान पूर्व जल शक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह निगोहां क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा देखकर उन्होंने अपना काफिला रोका। अपनी सुरक्षा में लगे एस्कॉर्ट वाहन से घायलों को मोहनलालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद संगीता और विकास की हालत गंभीर देखते हुए दोनों को ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह अस्पताल में मौजूद रहे। घायलों के रेफर होने तक व्यवस्था संभाली। पूर्व मंत्री ने एम्बुलेंस से घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजवाने की व्यवस्था कराई। पीजीआई ट्रॉमा सेंटर प्रशासन से बात कर दोनों घायलों का तत्काल और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# गंभीर नागरिक समस्या बन चुके ई-रिक्शा संचालन

## - बिना रजिस्ट्रेशन व रूट तय न होने के कारण बढ़ी समस्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर नगर में इस समय सैकड़ों की संख्या बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे ई रिक्शा बिना रूट तय इस समय नगर की गंभीर समस्या बनी हुई है। यातायात जाम ई–रिक्शा के रूट तय न होने से ये वाहन मुख्य चौराहों और बस स्टेशन बिसवां गेट तिराहे पर बेतरतीब खड़े रहते हैं जिससे आए दिन दुघटनाएं होती रहती हैं। जिससे भारी ट्रैफिक जाम लगता है। लहरपुर में बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई–ऑटो और ई–रिक्शा सड़कों को पूरी तरह ब्लॉक कर रहे हैं। कई ई–रिक्शा बिना नंबर प्लेट के चल रहे हैं और अक्सर इनके चालक नाबालिग होते हैं या उनके पास वैध लाइसेंस नहीं होता। इनके ढांचे की गुणवत्ता खराब होने और रूट की जानकारी न होने के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। रूट निर्धारित न होने के कारण



चालक प्रतिबंधित सड़कों पर भी वाहन चलाते हैं, जो बेहद असुरक्षित है। लहरपुर में प्रमुख मार्गों पर इनके चलने पर प्रतिबंध के बावजूद उल्लंघन जारी है। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे वाहनों की निगरानी मुश्किल है, जिससे बिजली चोरी कर अवैध चार्जिंग और ओवरलोडिंग की समस्या भी बढ़ रही है। राज्य परिवहन विभाग ने 1 अप्रैल से बिना पंजीकरण वाले ई–रिक्शा के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। नगर पालिका अब ई–रिक्शा के रजिस्ट्रेशन करेगी और क्यूआर कोड अनिवार्य कर रहा है और रूट आवंटन के लिए वार्षिक शुल्क तय करने की योजना बना रहा है। सरकार बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई–रिक्शा को रजिस्टर कराने के लिए एक महीने की विंडो देने पर विचार कर रही है। इसके बाद भी नगर पालिका इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है न ही ई रिक्शा चालकों को जागरूक किया जा रहा है। संबंध में जब अधिशासी अधिकारी अनूप राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की जा रही है साथ ही रूट भी तय किए जा रहे हैं।

# माँ से मिलकर निकला युवक हुआ गायब, मोबाइल बंद होने से बढ़ी चिंता

संवाददाता

कूरेभार/सुलतानपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र कूरेभार के सैदखानपुर ग्राम सभा के किशनी के पूरवा निवासी एक युवक बीते मंगलवार (3 तारीख) से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। परिजनों द्वारा लगातार तलाश किए जाने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। बेटे के लापता होने से वृद्ध माँ का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने नवागत पुलिस अधीक्षक चारु निगम को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कर शीघ्र खोजबीन की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामचेत पुत्र स्वर्गीय राम सुंदर (लगभग 20 वर्ष) इलाहाबाद में सब्जी की दुकान चलाते थे। बीते 3 तारीख को किसी व्यक्ति द्वारा फोन कर उनकी माँ की तबीयत खराब होने की सूचना देने पर वे इलाहाबाद से अपने गांव किशनी के पूरवा पहुंचे थे। यहां माँ से मुलाकात करने और उन्हें कुछ पैसे देने के बाद वे शाम को कूरेभार स्टेशन से ट्रेन पकड़कर वापस इलाहाबाद के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने इलाहाबाद में रहने वाले अपने एक करीबी को फोन कर बताया था कि वे पहुंच रहे हैं और स्टेशन पर लेने आने को कहा था। इसके बाद से रामचेत का मोबाइल बंद आने लगा और तब से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिजन और मित्र लगातार उनकी खोजबीन में जुटे हैं, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।रामचेत की वृद्ध माँ ने प्रशासन से भावुक अपील करते हुए कहा कि उनका बेटा ही उनके बुढ़ापे का सहारा है और उसे जल्द से जल्द खोजा जाए। वहीं रामचेत के एक करीबी ने बताया कि युवक अपनी माँ की तबीयत की सूचना मिलने पर ही गांव आया था और वापस इलाहाबाद लौटते समय से ही लापता है। परिजनों के अनुसार रामचेत तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर था। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवार के बड़े भाई व सहयोगियों ने सुलतानपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और युवक की तलाश जारी है।

# मोहनिया में पाथकाइंड लैब्स पैथोलॉजी का हुआ उद्घाटन




न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहनिया। शहर में रविवार को पाथकाइंड लैब्स पैथोलॉजी का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सतीश यादव, विशिष्ट अतिथि इमामुद्दीन खान ने फीता काटकर लैब का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने लैब प्रबंधन मोहम्मद हनीफ खान को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा बताया। पाथकाइंड लैब्स के खुलने से अब मोहनिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली पैथोलॉजी जांच सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। लैब में आधुनिक मशीनों के माध्यम से रक्त जांच, मूत्र जांच, शुगर, थायराइड, लिपिड प्रोफाइल सहित कई प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लैब प्रबंधन हनीफ खान ने बताया कि सभी जांचें एनएबीएल मानकों के अनुरूप की जाएंगी और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मरीजों की सुविधा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय लोगों ने पाथकाइंड लैब्स के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अब बेहतर और भरोसेमंद जांच सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर इमामुद्दीन खान, रामगढ़ विधायक सतीश यादव पिंटू, संतोष सिंह, दीपक यादव जिला परिषद, नूतन, नौशेर अली अंसारी, इलियास अंसारी, असलम खान, तहीद खान, समाजसेवी परवेज खान, असलम अंसारी, नेसार अंसारी शशिकांत यादव, असलम, इमरान खान, जुनैद खान, मनीष जायसवाल, शकील अहमद खान, तौहिद खान मौजूद रहे।

# यूपी विधानमंडल का बजट सत्र आज से, 11 फरवरी को पेश होगा बजट

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी यानी कल से प्रारंभ होगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी को योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2026–27 का आम बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। सता और विपक्ष दोनों पक्षों ने ही बजट सत्र को लेकर कमर कस ली है। विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 9 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा और 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष फोकस रहेगा। सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी विचार किया जाएगा, वहीं विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

# जागरूकता के लिए बढ़े हाथ, लिया संकल्प

## - विश्व अमेरिकी दिवस पर बढ़-चढ़कर लोगों ने लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। एपिलेप्सी मिर्गी रोग को लेकर लोगों में फैली हुई भ्रांतियां को दूर करने का संकल्प लिया गया जन जागरूकता के माध्यम से लोगों ने रैली निकालकर रोग के प्रति लोगों को सचेत किया, न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप गुप्ता ने रोगियों के समुचित उपचार का संकल्प लिया। रविवार को विश्व मिर्गी दिवस के उपलक्ष में डिलमा के संकट मोचन मंदिर से मुराई बाग तक जन जागरूकता रैली निकाली गई सुबह से ही बड़ी संख्या में कस्बे वासी एवं जाने माने कलाकारों के साथ स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी मौजूद रहे। अपोलो मेडिकल्स हॉस्पिटल लखनऊ के न्यूरोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रदीप गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मिर्गी रोग को लेकर लोगों में फैली हुई भ्रांतियां एवं उनके उपचार के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि यह एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज संभव है लोग जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। अंकल जी हेल्थ केयर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य इस रोग से लोगों के प्रति फैली हुई भ्रांतियां को दूर करना था चिकित्सकों की माने तो यह कोई इलाज बीमारी नहीं है यदि समय रहते एवं उचित इलाज किया जाए तो इस पीड़ित रोगी अपना सामान्य जीवन जी सकता है। लखनऊ से आए रेडियो मिर्ची कलाकार राज प्रजापति ने संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया एवं जागरूक किया।




कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हाथ में जागरूकता संदेश लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर सीएचसी डलमऊ के चिकित्साधिकारी अभिषेक सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त और द्वारा लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर प्रियंका गुप्ता अंजली गुप्ता दीप्ति गुप्ता राहुल गुप्ता राम गोपाल वैश्य घनश्याम संदीप मिश्रा सुधांशु त्रिवेदी एवं बड़ी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# जी राम जी के तहत लगी ग्राम चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। खंड विकास अधिकारी बलहा अपर्णा सैनी के मार्गदर्शन में विकास खंड बलहा की ग्राम चंदनपुर में ग्राम चौपाल का आयोजित हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि ने किया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत गांव की समस्या गांव में समाधान के लिए शासन द्वारा ग्राम चौपाल आयोजन का कार्यक्रम किया गया लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत जी राम जी योजनाएं धरातल पर पहुंचने तथा ग्रामीणों को पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। इस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। जो कि मेहनतकश ग्रामीण समाज के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन है। ग्राम पंचायत अधिकारी शाहिद अली ने कहा कि अधिनियम की विशेषताओं पर चर्चा के दौरान लोगों को बताया गया कि पहले वाले अधिनियम, यानी महात्मा गांधी नरेगा में बेरोजगारी भत्ता का लाभ मिलना लगभग असंभव था क्योंकि उसमें कई शर्तें थीं। लेकिन विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम में ये सब प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। अब यदि काम मांगने पर कार्य न मिले, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः मिलेगा। ग्राम पंचायत सचिव शाहिद अली ने बताया कि इससे रोजगार का अधिकार अब वास्तव में कानूनी अधिकार बन गया है। अब यदि काम मांगने पर कार्य न मिले, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः मिलेगा। इससे रोजगार का अधिकार अब वास्तव में कानूनी अधिकार बन गया है। पंचायत सचिव शाहिद अली ने कहा कि अधिनियम की एक विशेषता समय पर मजदूरी का भुगतान भी है। पूर्व में कई बार मजदूरी में देरी होने की शिकायतें मिलती थीं। अब यदि मजदूरी में देरी होती है, तो प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ दिया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाहिद सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का किया वर्णन

न्यूज वाणी ब्यूरो

पैलानी, बांदा। तहसील अंतर्गत अलोना गाँव में ओम प्रकाश सिंह (लाला) के निज निवास पर ईश्वर की असीम .पा से चारों धाम पूजा एवं सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके चौथे दिन कथा व्यास आनंद भूषण दीक्षित जी महाराज ने भक्त प्रह्लाद, वामन अवतार और श्री .ष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। कथा की शुरुआत जड़ भरत के प्रसंग से हुई। इसमें बताया गया कि सांसारिक वस्तुओं और प्राणियों से अत्यधिक मोह पतन का कारण बनता है। भरत जी का एक हिरण के बच्चे के प्रति मोह उन्हें अगले जन्म में मृग योनि में ले गया था। कथा व्यास श्री दीक्षित ने भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकश्यप की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान नृसिंह ने खंभा फाड़कर प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया और धर्म की स्थापना की। इसके बाद वामन अवतार की कथा का वर्णन किया गया। इसमें राजा बलि की सत्यनिष्ठा का उल्लेख था। तीन पग भूमि के दान के संकल्प को पूरा करने के लिए भगवान ने दो पग में समस्त लोक नाप लिए। तब राजा बलि ने अपना शीश आगे कर दिया। इसके बाद भगवान ने उन्हें पाताल लोक का राजा बनाया। मान्यता है कि देवशयनी के चार माह (चौमासा) भगवान राजा बलि के पास पाताल में निवास करते हैं। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री .ष्ण का जन्मोत्सव रहा। कंस के कारागार में उनके जन्म, वासुदेव जी द्वारा यमुना पार कर उन्हें गोकुल ले जाने और जेल की बेड़ियाँ टूटने के प्रसंग का वर्णन किया गया। श्री .ष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। पं. कृष्णदत्त ने श्रीमद् भागवत मूलपाठ एवं पूजा अर्चन किया तथा सुप्रसिद्ध भजन गायक लवलेश द्विवेदी, विनीत त्रिवेदी पैड प्लेयर, तबला वादक शशांक ने भजनों के माध्यम से संपूर्ण पांडाल को भक्तिमय कर दिया। कथा परीक्षित शिव प्यारी श्रीराम सिंह ने परिवार, रिश्तेदारों एवं इष्टमित्रों सहित कथा का रसपान किया। जिसमें रामलाल सिंह, रामसिया सिंह, ओम प्रकाश सिंह लाला, रामनरेश सिंह, श्याम मोहन धुरिया भाजपा नेता, रोहित द्विवेदी पत्रकार, कुलदीप त्रिपाठी पत्रकार, बालेंद्र तिवारी पत्रकार, पंकज शुक्ला पत्रकार, संजय मिश्रा पत्रकार, सुरेश साहू पत्रकार, अनूप सिंह, राजू सिंह मुखिया, ग्राम प्रधान सुमित, आदि लोग उपस्थित रहे।



# बेसिक शिक्षा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन महिला, पुरुष का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव संपन्न कराया गया।



जिसमें कि डॉ आरएन प्रसाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश पहाड़ी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी मीरा पासवान प्रांतीय अध्यक्ष मात्र शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश, जयनारायण सेन पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष, रविन्द्र सिंह गौर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय निगम प्रांतीय कोषाध्यक्ष सचिन यादव प्रांतीय संगठन मंत्री, सिद्धार्थ चौहान अध्यक्ष जनपद शाखा मैनपुरी, रोहित कुमार संगठन मंत्री जनपद शाखा मैनपुरी ने प्रतिभाग कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों महिला/पुरुष को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उद्र प्रसाद पूर्व जिलाध्यक्ष का अधिवेशन को पूर्ण कराने में सराहनीय योगदान रहा।

# पांच दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला प्रशिक्षण सेन्टर पुलिस लाइन में साइबर अपराधों की रोकथाम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व बेसिक नेटवर्किंग हेतु 05 दिवस साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके उपरांत उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में पुलिस कर्मियों का तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है तथा प्राप्त ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग करते हुए साइबर अपराधों की पहचान, रोकथाम एवं डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण में प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही साइबर सिक्योरिटी, नेटवर्किंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों का सही उपयोग कर पुलिस साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस की कार्यक्षमता को और अधिक सु.ढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।



# पारिवारिक कारणों से युवक ने की आत्महत्या

## - पुलिस जांच में जुटी, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के ऊसराहार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम क्योता सरैया में एक युवक द्वारा कथित रूप से आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के पास स्थित एक तालाब के किनारे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच–पड़ताल शुरू की। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ग्रामीण श्रीशचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान ओमबाबू के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवक ने पारिवारिक कारणों के चलते स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को पुलिस से साझा करने की अपील की है।



# ब्राह्मणों पर फोकस, मिशन-2027 की तैयारी,क्या मायावती फिर खेलेंगी 2007 वाला ब्राह्मण कार्ड

संवाददाता लखनऊ। यूपी में अगड़ा बनाम पिछड़ा को लेकर चल रही सियासी घमासान के बीच बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर अपनी पुरानी लेकिन आजमाई हुई रणनीति की ओर लौटती दिख रही है...बीएसपी सुप्रीमो मायावती 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सवर्ण मतदाताओं, खासकर ब्राह्मण वोट बैंक को साथ लाने की ठोस तैयारी में जुट गई हैं...पार्टी का मानना है कि यदि अपने पारंपरिक बेस वोटर के साथ सवर्ण समाज का समर्थन मिल जाए, तो सत्ता की राह एक बार फिर आसान हो सकती है। हाल के दिनों में मायावती के बयानों पर नजर डालें तो साफ संकेत मिलता है कि ब्राह्मण समाज उनके राजनीतिक एजेंडे के केंद्र में है... लगातार सार्वजनिक मंचों से वे ब्राह्मणों के सम्मान, सुरक्षा और हितों की बात कर रही हैं... बीते शनिवार हुई अहम बैठक में भी मायावती ने ब्राह्मण समाज के योगदान और उनके अधिकारों का जिक्र करते हुए पार्टी नेताओं को इस दिशा में सक्रिय रहने के निर्देश दिए। बीएसपी नेतृत्व को ये भी याद है कि अतीत में सवर्णों के सहयोग से ही पार्टी ने सत्ता का स्वाद चखा था... साल 2007 के विधानसभा चुनाव में 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के नारे के साथ मायावती ने दलित, पिछड़े और सवर्ण समाज को एक मंच पर लाकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी३ अब करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी सामाजिक समीकरण को दोहराने की कोशिश हो रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मायावती अपने कोर वोट बैंक के साथ–साथ सवर्ण समाज को जोड़कर एक व्यापक सामाजिक गठबंधन खड़ा करना चाहती हैं...और यही वजह है कि ब्राह्मणों को लेकर उनका रुख लगातार नरम नजर आ रहा है...पार्टी के भीतर भी इस रणनीति को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में बीएसपी के बड़े नेता जिलों का दौरा शुरू करेंगे... इन दौरों में खासतौर पर ब्राह्मण समाज के प्रभावशाली लोगों से संवाद, बैठकें और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे... पार्टी का उद्देश्य जमीनी स्तर पर भरोसा कायम करना और ये संदेश देना है कि बीएसपी सिर्फ एक वर्ग की नहीं, बल्कि सर्व समाज की पार्टी है...और वही पुराना नारा है 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'। कुल मिलाकर, 2027 विधानसभा चुनाव के लिए मायावती ने ब्राह्मणों को केंद्र में रखकर बिगुल फूंक दिया है.... सवाल बस इतना है कि क्या 2007 का सर्वजन प्रयोग एक बार फिर बीएसपी को सत्ता के शिखर तक पहुंचा पाएगा... या बदलते राजनीतिक हालात में ये रणनीति नई चुनौतियों से जूझती नजर आएंगी.इसका जवाब आने वाले महीनों की राजनीति में साफ होता नजर आएगा।




# दोहरा मापदंड बना निष्कासन की वजह, सपा से नाता तोड़ा

## - एआईएमआईएम में जाने के संकेत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रहे डॉ. अनवारुल रहमान खान ने पार्टी से निष्कासन के बाद अपने सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बिना किसी स्पष्टीकरण के की गई कार्रवाई को छोटे और ईमानदार कार्यकर्ताओं के साथ सीधा अन्याय बताया। डॉ. खान ने कहा कि सामाजिक ताजियत में शामिल होने को आधार बनाकर उन्हें छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया, जबकि पार्टी के कई बड़े नेता विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में खुलेआम भाग लेते हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने इसे पार्टी के भीतर दोहरा मापदंड करार दिया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई उस समय तेज हुई जब एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को बुके भेंट करते हुए डॉ. अनवारुल रहमान खान की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसी फोटो को आधार बनाकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने उन्हें छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। डॉ. खान ने सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से समर्थन देने वाले कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का आभार जताया। उन्होंने संकेत दिए कि वे जल्द ही अपने समर्थकों से सलाह–मशविरा कर एआईएमआईएम में शामिल होने को लेकर अंतिम निर्णय लेंगे। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को जनपद की सियासत में एक अहम मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

# हिंदूवादी संगठन का मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद गिराने का ऐलान, राजधानी में होर्डिंग्स लगीं

संवाददाता लखनऊ। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जाने का ऐलान किया है। लखनऊ में संगठन की ओर से होर्डिंग लगाई गई हैं। उस पर लिखा– हुमायूं हम आएंगे३बाबरी फिर से गिराएंगे। बंटोगे तो कटोगे। हिंदुओं की विरोधी सरकार में, इस बार होगा मुर्शिदाबाद में नई बाबरी पर आरपार। होर्डिंग पर 10 फरवरी को मुर्शिदाबाद चलने की अपील भी की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का फोटो भी लगाया गया है। लखनऊ के 1090 चौराहा से गोमती नगर के बीच शनिवार देर रात में 5 होर्डिंग्स लगाई गई है। उनपे मुर्शिदाबाद में निर्माणाधीन बाबरी मस्जिद का उल्लेख किया गया है। एक ओर भगवान श्रीराम और विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय की तस्वीर लगी है। दूसरी ओर ममता बनर्जी और विधायक हुमायूं कबीर की तस्वीर है। हुमायूं को बाबर का गेटअप दिया गया है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद (वीएचआरपी) ने होर्डिंग लगवाने के साथ ही यह भी ऐलान किया है कि कार्यकर्ता 10 फरवरी को मुर्शिदाबाद जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि संगठन ने 10 फरवरी को मुर्शिदाबाद जाने का कार्यक्रम तय किया है। होर्डिंग में इसी कार्यक्रम को लेकर संदेश दिया गया है।गोपाल राय ने कहा पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर ने 11 फरवरी से मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू करने की बात की है। इस वजह से हम लोग 10 फरवरी को यहां से मुर्शिदाबाद जाने की तैयारी कर लें। 10 फरवरी को हम लोग यहां से निकलें। वहां 11 फरवरी की सुबह प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा अगर जरूरत पड़ेगी तो हम लोग वहां हुमायूं कबीर की कब्र खोदने का भी काम करेंगे। वहां की हिंदू विरोधी सरकार को भी उखाड़ फेंकनी है। होर्डिंग लगने के बाद पुलिस–प्रशासन अलर्ट हो गया है। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने का दावा किया है।

# केके त्रिपाठी बने उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि

## - व्यापारी हितों की लड़ाई में संगठन हमेशा अग्रणी : डॉ. सुधीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि के तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन केके त्रिपाठी के आवास, लोधी मोहल्ला तिराहा के पास किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संगठन हमेशा से व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता रहा है और आगे भी पूरी मजबूती से करता रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनकी सुरक्षा, सम्मान व अधिकारों की रक्षा संगठन की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान केके त्रिपाठी को उद्योग व्यापार मंडल का जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने की औपचारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी एडवोकेट का भी भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों ने पुष्पमालाएं पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें डॉ. गौरव शर्मा, क्षेत्रपाल सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह, नीरज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजीव गुप्ता, एस.के. शर्मा, रणवीर सिंह, विनोद कुमार तिवारी, सुनील तिवारी, राजेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यापारी शामिल रहे। समारोह में उपस्थित व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारी केके त्रिपाठी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारी हितों की आवाज को और प्रभावशाली ढंग से उठाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन व्यापारियों में एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती को बढ़ाते हैं।







# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की वर्चुअल बैठक में संगठन को सशक्तबनाने पर जोर

## - 29 मार्च को होगा पद कार्ड वितरण व सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में रविवार को नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जनपद इकाई द्वारा जनवरी एवं




फरवरी माह की संयुक्त वर्चुअल बैठक का आयोजन अत्यंत अनुशासित, गरिमामय एवं सफल वातावरण में किया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी एवं जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जबकि बैठक का कुशल संचालन जिला महासचिव फुजैल खान द्वारा किया गया। इस वर्चुअल मीटिंग में जनपद के साथ–साथ सभी तहसीलों से संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में जुड़े, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं में गहरा उत्साह एवं समर्पण बना हुआ है। बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती आपसी एकता, अनुशासन और पारदर्शिता से ही संभव है, जिसके बाद बैठक की औपचारिक कार्यवाही आरंभ की गई। बैठक का प्रमुख विषय राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा छब्बीस जनवरी दो हजार छब्बीस को जारी किए गए नए आई–कार्ड एवं रिन्यूअल प्रक्रिया से संबंधित फॉर्म रहा, जिस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी ने प्रत्येक बिंदु को क्रमवार समझाते हुए बताया कि फॉर्म भरते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना है, कौन–कौन से दस्तावेज आवश्यक होंगे, किस प्रकार फोटो, पहचान पत्र, पता प्रमाण तथा संगठन से संबंधित विवरण संलग्न करना अनिवार्य रहेगा और सभी अभिलेख दो प्रतियों में जिला कार्यालय में जमा किए जाने हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कागजात जमा न करने वाले सदस्यों को भविष्य में कार्ड प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है, इसलिए सभी को समय पर प्रक्रिया पूरी करने के लिए सजग रहना होगा। इसी क्रम में बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया कि वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए नेशनल मीडिया प्रेस क्लब जनपद फतेहपुर इकाई का आई–कार्ड वितरण एवं पद सम्मान समारोह आगामी उन्नतीस मार्च दो हजार छब्बीस को जिला प्रवक्ता अन्नू वर्मा के निवास पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को संगठन का एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक अवसर बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह समारोह न केवल संगठन के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का अवसर होगा, बल्कि जनपद में संगठन की एक मजबूत पहचान स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। बैठक के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उनके क्षेत्रों में संगठन से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्याओं या कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली गई, जिस पर सभी ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान में किसी भी स्तर पर कोई समस्या नहीं है और सभी साथी संगठन के साथ पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य कर रहे हैं। यह सुनकर नेतृत्व ने संतोष व्यक्त किया और संगठन की एकता की सराहना की। इसके पश्चात राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठनात्मक अनुशासन, पारदर्शिता एवं आदेशों के त्वरित अनुपालन पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राष्ट्रीय/जिला स्तर से जारी होने वाले प्रत्येक निर्देश का पालन जनपद स्तर पर बिना किसी देरी के होना चाहिए, क्योंकि यही संगठन की मजबूती की पहचान है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में संगठन की गरिमा बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त न करें। साथ ही उन्होंने जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि फतेहपुर इकाई निरंतर प्रगति कर रही है और अन्य जनपदों के लिए एक उदाहरण बन रही है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष गुलाब हुसैन, जिला प्रचार मंत्री श्याम स्वरूप गुप्त, जिला मंत्री शिव करन सिंह, अजय सिंह मौर्य, जिला प्रवक्ता अन्नू वर्मा, जिला व्यवस्था मंत्री फाजिल अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार प्रजापति, सदस्य मोहम्मद हारून वहीद, सामाजिक वर्क से तहसील सचिव सोनू सहित जनपद एवं तहसील स्तर के तमाम पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री फौजी ने यह भी कहा कि यदि किसी भी पदाधिकारी या सदस्य को संगठन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वह सीधे जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी अथवा स्वयं उनसे तुरंत संपर्क करे, ताकि समय रहते समाधान कर संगठनात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न होने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि उन्नतीस मार्च दो हजार छब्बीस को होने वाले सम्मान समारोह एवं आई–कार्ड वितरण कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। अंत में जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी द्वारा बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। जिला महासचिव फुजैल खान ने सभी उपस्थित साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। इस प्रकार यह वर्चुअल बैठक संगठनात्मक एकता, अनुशासन और भविष्य की कार्य योजना को मजबूत आधार प्रदान करते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में माल्यार्पण कर किया अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में न्यूज वाणी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। न्यूज



वाणी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता समाज को दिशा देने का कार्य करती है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और न्यूज वाणी दैनिक जैसे समाचार पत्र व्यापारियों, आमजन और सामाजिक सरोकारों की आवाज को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उन्होंने ब्यूरो चीफ संजीव शर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित करना अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें डॉ. गौरव शर्मा, क्षेत्रपाल सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह, नीरज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजीव गुप्ता, एसके शर्मा, रणवीर सिंह, विनोद कुमार तिवारी, सुनील तिवारी, राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज और व्यापार जगत से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने वाले पत्रकारों का सम्मान किया जाना चाहिए, जिससे सकारात्मक पत्रकारिता को प्रोत्साहन मिले। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में संगठन पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# लालपुरा जैन मंदिर एक दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में रविवार को तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ससंघ के पावन सानिध्य में एक दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही तथा संपूर्ण वातावरण भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। प्रातःकाल विधिविधान से श्रीजी का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात केसर मिश्रित पवित्र जल से शांति धारा आचार्य श्री के मुखविंद से बोली गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर नमन किया तत्पश्चात तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक करने का सौभाग्य अर्पित जैन परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि शांति धारा का सौभाग्य राजीव जैन किराना, बंटी जैन परिवार को मिला। इसके बाद मौसमी, अनार, अंगूर, नारियल पानी एवं पंचामृत जैसे पवित्र रसों से अभिषेक का क्रम संपन्न हुआ। इस पुण्य कार्य का सौभाग्य नमन जैन (भाईजी), राजू जैन, शैलेष जैन, संतोष जैन एवं पीयूष जैन को प्राप्त हुआ। प्रतिमा पर पुष्प वर्षा करने का



सौभाग्य चिंटू जैन को मिला। जल से अभिषेक सौरभ जैन, वैभव जैन, मोहित जैन, महेश जैन, सौरव जैन एवं गौरव जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के चित्र का विधिवत अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा किया गया। इसके पश्चात आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में अहिंसा, संयम, तप, त्याग और आत्मशुद्धि के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य श्री ने कहा कि वर्तमान समय में धर्म ही मानव जीवन को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम है। प्रवचनों को श्रद्धालुओं ने एकाग्रचित्त होकर श्रवण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में समाज एवं राष्ट्र कीसुख–समृद्धि, शांति और मंगल कामना की गई। आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए,



उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव, आपातकालीन सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी। महिला पुलिस कर्मियों ने उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा एवं एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना शामिल हैं। पुलिस टीम ने महिलाओं को सलाह दी कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाएं, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी परिवार और मित्रों के साथ साझा करें, छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में महिला पुलिस टीम ने संदेश दिया कि सतर्क रहना, स्वस्थ रहना और जागरूक रहना ही असली सुरक्षा है, तथा सीखी गई जानकारी को समाज में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना भी आवश्यक है।

# माल्टा देश में शहीद के कब्र की मिट्टी आएगी कोड़ा जहानाबाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। रेशमी रुमाल आंदोलन में शहीद हुए भारतीय सैय्यद नुसरत हुसैन के कब्र की मिट्टी भारत लाने तथा उसको संरक्षित कर स्मारक बनाये जाने के दौरान राजदूत माल्टा



हिज एक्सीलेसी मिस्टर रूबिन गूशी तथा टर्की के राजदूत अली मूरत एरोजी एवं भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित आदि देश के राजदूत तथा अन्य हस्तियां शामिल हो सकती है इसके लिये जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने अपने लेटर पैड में शामिल होने का अनुरोध भी किया। कस्बे के मोहल्ला मियां टोला निवासी हकीम सैय्यद नुसरत हुसैन जो कि देश की आजादी के लिये रेशमी रुमाल तहरीक में सन् 1920 में माल्टा देश के मर्सा स्थित जेल में कैद कर दिये गये थे। वहीं शहीद हो गये थे जिनका अंतिम संस्कार केटर्किस मिलिट्री सिमेट्री कब्रिस्तान में कर दिया गया था जिनके कब्र की मिट्टी माल्टा देश की एक यूनिवर्सिटी में कार्यरत सैय्यद उर्फी रजा जैदी भारत लेकर आ रहे हैं ताकि शहीद की याद में शहीद माल्टा इंटर कॉलेज मे स्मारक बनाया जा सके। इस बाबत उर्फी रजा जैदी ने बताया कि माल्टा के राजदूत ने नुसरत हुसैन के परपोते सैय्यद आबिद हसन को 10 फरवरी के दिन समय 3 बजे दिल्ली बुलाया है। ताकि कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।

# सबमर्सिबल मोटर चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

## - 22 हजार रुपये कीमत की मोटर व पंखा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बसरेहर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने सबमर्सिबल मोटर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरतार किया है तथा उनके कब्जे से एक सबमर्सिबल मोटर पंखा सहित, जिसकी अनुमानित कीमत 22000 बरामद की है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, के निर्देशन में, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा के पर्यवेक्षण में, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में की गई। 07 फरवरी को आयुष यादव उर्फ सनी, पुत्र रमेशचन्द्र यादव निवासी ग्राम बुलाकीपुर द्वारा थाना बसरेहर पर लिखित तहरीर दी गई कि उनके खेत पर सिंचाई के लिए लगी सबमर्सिबल मोटर 02/03 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस सूचना के आधार पर थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 12/2026, धारा 303(2) बीएनएस पंजी.त किया गया। गिरतारी का विवरण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं अभियुक्तों की




गिरतारी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में 07 फरवरी की रात्रि को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा कल्ला बाग तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सबमर्सिबल मोटर चोरी करने वाले व्यक्ति चम्पानेर तिराहे के पास, ग्राम बुलाकीपुर जाने वाले रास्ते पर मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची और दो व्यक्तियों को गिरतार किया। पुलिस पूछताछ पकड़े गए अभियुक्तों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक सबमर्सिबल मोटर पंखा सहित बरामद की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने 02/03 फरवरी की रात्रि में ग्राम बुलाकीपुर स्थित एक खेत से उक्त मोटर चोरी की थी। उसे कस्बा बसरेहर में बेचने की फिराक में थे। गिरतार अभियुक्त हिमांशू कुमार, पुत्र रमेशचन्द्र, निवासी ग्राम हुसैनपुर पुठिया, थाना बसरेहर प्रशान्त कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह, निवासी ग्राम हुसैनपुर पुठिया, थाना बसरेहर बरामदगी 01 सबमर्सिबल मोटर पंखा सहित अनुमानित कीमत 22000 पुलिस टीम उपनिरीक्षक सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर, उपनिरीक्षक महेश कुमार, चालक कांस्टेबल अंकुर कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल शुभम सारण, कांस्टेबल अवनीश कुमार इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस ने मजबूत संदेश दिया है।

# स्कूल संचालक व अध्यापक पर बच्चों ने लगाए आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी, करहल। शिक्षा सागर हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल संचालक एवं अध्यापक पर बच्चों ने लगाए गंभीर आरोप छात्र ने बताया कि सीटी बजाने पर अध्यापक ने मेरे साथ बेरहमी से हमें पीटा है और छात्र के पिता ने बताया कि बच्चों के आई गंभीर चोटे पीड़ित परिवार ने थाने में दी तहरीर तहरीर के आधार पर पुलिस ने संगीन धाराओं मामला दर्ज किया है और पीड़ित परिवार ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं कहा कि पुलिस हमारी सुनवाई नहीं कर रही है। पुलिस स्कूल प्रबंधक के कहने पर कार्य कर रही है और बताया कि पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई न किए जाने को लेकर परिजनों ने पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं। गंभीर रूप से घायल हुए छात्रों के वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर हो रहे हैं वायरल छात्रों के साथ हुए .त की शिकायत करने पहुंचे परिजनों के साथ स्कूल प्रबंधन ने की अभद्रता करहल थाना क्षेत्र के शिक्षा सागर हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल महालपुर से जुड़ा है पूरा मामला।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा
विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन,
खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# संगठित शक्ति से ही सामाजिक विकास संभव : विनोद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक मुसाफा कस्बे में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने समाज के बंधुओं का उत्साहवर्धन करते हुये सभी को एक सूत्र में पिरोने के



लिए कहा कि संगठित शक्ति से ही समाजिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि समाजिक उत्थान के लिये सभी को संगठन से जोडकर आगे बढने का प्रयास करना होगा तभी हम सब संगठित हो पायेंगे। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि मुसाफा कस्बे में काफी परिवार दोसर वैश्य समाज के निवास करते हैं मगर संगठित न होने के कारण राजनैतिक एवं सामाजिक स्तर से काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि मुसाफा कस्बे में 22 फरवरी को एक बडी बैठक आहूत की जायेगी जिसमें संगठन का गठन करते हुये सभी को जोडने का कार्य किया जायेगा। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता फौजी ने कहा कि संगठन एक विशाल वट वृक्ष की तरह होता है। उससे सभी को जोड़कर ही समाज को आगे बढाया जा सकता है। इस मौके पर दीपक गुप्ता, संजय गुप्ता, राजीव गुप्ता, सीताराम गुप्ता, अनुराग गुप्ता, राकेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, राम, शिवधनी, कल्लू, धुन्नू, महावीर गुप्ता आदि रहे।

# हुसैनगंज विधायक ने सीसी मार्गो का किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डाल का पुरवा एवं पतरिया में विधायक निधि से निर्मित सींसी मार्गों का विधायक ऊषा मौर्य ने लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित




किया गया। इस अवसर पर विधायक ऊषा मौर्य ने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। ग्रामीणों ने सीसी मार्ग बनने पर खुशी जताई और इसे क्षेत्र के लिए एक उपयोगी विकास कार्य बताया। कार्यक्रम के दौरान युवा सपा नेता विकल्प मौर्य, प्रधान मुन्ना मौर्य, सेक्टर प्रभारी बाबू सिंह यादव, प्रधान सुनीता देवी, पूर्व प्रधान बिंदा मौर्य, मोहम्मद ताहिर, रंजीत मौर्य, अनिल मौर्य, मोनू यादव, राजेश मौर्य, शिव विशाल मौर्य सहित अन्य समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी बैनामा कराने वाले गिरोह का चौथा आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने कृषि भूमि के फर्जी बैनामे से जुड़े एक संगठित धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। यह प्रकरण ग्राम उदयपुर निगोहां स्थित कृषि योग्य भूमि के कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अवैध विक्रय से संबंधित है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज के अनुसार, थाना मोहनलालगंज में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता विमला सिंह, पत्नी स्वर्गीय अवधराज सिंह ने शिकायत की थी कि उनके दिवंगत पति के नाम दर्ज भूमि का फर्जी व्यक्ति खड़ा कर बैनामा करा लिया गया है। जांच में सामने आया कि गाटा संख्या 296, रकबा 0.449 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में स्वर्गीय अवधराज सिंह और लता स्नेहलता वर्मा के नाम सह–खातेदार के रूप में दर्ज थी। अवधराज सिंह की मृत्यु 16 फरवरी 2023 को हो चुकी थी। अभियुक्तों ने एक अज्ञात व्यक्ति को अवधराज के रूप में प्रस्तुत कर 18 जुलाई 2024 को लगभग 17 बिस्वा भूमि का बैनामा करा दिया। विवेचना में यह भी पाया गया कि राजकुमार, ज्ञानेन्द्र राजपूत, कमल यादव, सर्वेश और हरिशंकर उर्फ शंकर ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत फर्जी आधार कार्ड, फर्जी फोटो, कूटरचित दस्तावेज और फर्जी गवाह का इस्तेमाल किया। बैनामे की धनराशि प्राप्त करने के लिए मृतक के नाम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कल्ली पश्चिम में एक फर्जी खाता भी संचालित किया गया। पुलिस के अनुसार, इस प्रकरण में भूमि क्रेता हेतराम पाल, निवासी शारदा नगर, आशियाना, लखनऊ स्वयं ठगी का शिकार हुए। उन्होंने भूमि क्रय के लिए कुल 7 लाख 20 हजार रुपये चेक और नकद के माध्यम से दिए, जिसे अभियुक्तों ने धोखाधड़ी से हड़प लिया। पुलिस ने पहले ही अभियुक्त राजकुमार, ज्ञानेन्द्र राजपूत और सर्वेश को गिरफ्तार कर लिया था। इसी क्रम में 7 फरवरी 2026 को मोहनलालगंज पुलिस टीम ने अभियुक्त हरिशंकर उर्फ शंकर को थाना पीजीआई क्षेत्र स्थित गणपति स्वीट्स के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। आरोपी हरिशंकर उर्फ शंकर ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि वर्ष 2024 में उसकी पहचान बेलहियाखेड़ा निवासी राजकुमार एवं कनकहा निवासी ज्ञानेन्द्र से संतराम के माध्यम से हुई थी। राजकुमार द्वारा बैंक में खाता खुलवाने के लिए 2000 रुपए देने का प्रलोभन दिया गया था। अभियुक्त को कल्ली पश्चिम स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र ले जाया गया, जहां फर्जी आधार कार्ड के आधार पर अवधराज सिंह नाम से खाता खुलवाया गया। अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि खाता खोलते समय उसने अपने वास्तविक नाम के स्थान पर अवधराज सिंह नाम लिखकर हस्ताक्षर किए। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों से यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा फर्जी व कूटरचित आधार कार्ड के आधार पर बैंक खाता खुलवाया गया, जिसमें पंजीकृत अभियोग से संबंधित भूमि क्रय के क्रम में क्रेता हेतराम पाल द्वारा 3,00,000 का चेक संख्या 000112 (बैंक ऑफ बड़ौदा) जमा कराया गया। उक्त धनराशि से साथी अभियुक्त राजकुमार द्वारा एलईडी टीवी एवं वोल्टास कंपनी का एसी नारायण इलेक्ट्रॉनिक्स, मोहनलालगंज से क्रय किया गया, जिसकी बरामदगी पूर्व में राजकुमार की निशानदेही पर की जा चुकी है।

# ट्रस्ट ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## - राष्ट्रीय स्तर पर जीते पदक, कोच के प्रयासों को सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। धर्मकांति सेवा ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पांच होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सम्मानित खिलाड़ियों में अरिजित नारायण पाण्डेय, अथर्व रस्तोगी को स्वर्ण पदक, अभिमन्यु सिंह, अर्थ श्रीवास्तव एवं अर्णव यादव को रजत पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के पीछे अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण देने वाले वरिष्ठ ताइक्वांडो कोच शशांक आनन्द का अत्यंत महत्वपूर्ण




योगदान रहा। जिनके कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की। कार्यक्रम में एनसीसी कोच (स्टेट विंग कमांडर) हार्डी मौर्य, धर्मकांति सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संदीप धर्मकांति, ब्लाक विंग कमांडर उदयभानु की उपस्थिति रही। साथ ही ट्रस्ट की यूथ विंग एवं चाइल्ड विंग के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि धर्मकांति सेवा ट्रस्ट पिछले तीन वर्षों से फतेहपुर में निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित कर रहा है। जिनसे जुड़े बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से बकंधा गांव में केवल बालिकाओं हेतु ताइक्वांडो प्रशिक्षण की नई शाखा का उद्घाटन भी किया गया। जिसका उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनाना है।

# क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शामिल हुए जिले से तीन प्रतिभागी

## - टीम ने सीआईईटी के प्रमुख से की भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एनसीईआरटी नई दिल्ली की परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणाम आधारित



आकांक्षी जनपदों हेतु एक विशेष क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जनपद से तीन प्रतिभागी उपस्थित रहे। डायट से सेवारत शिक्षण प्रभारी एवं प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र, बेसिक शिक्षा विभाग के एसआरजी राधेश्याम दीक्षित एवं भिटौरा ब्लॉक के विज्ञान एआरपी संजय सिंह शामिल हुए। कार्यशाला में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के महत्व को बताते हुए और जनपद के आंकड़े एवं स्थिति का विश्लेषण करने की प्रविधियां सिखाई गईं। जनपद स्तर पर डैशबोर्ड विश्लेषण करते हुए गैप एनालिसिस कर कार्य किए जाने हेतु जनपद से प्रतिभाग कर रहे सभी सदस्यों द्वारा एक योजना संक्षेपण प्रस्तुत किया गया। आगामी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में जनपद के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रोड मैप तैयार कराया जाना है जिसमें अगले चरण में अब जनपद स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अकादमिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। परख की मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्राणी भादुड़ी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे जनपद में सफल क्रियान्वित करने का आह्वान किया। जनपद टीम ने सीआईईटी के प्रमुख डॉक्टर अमरेंद्र बेहेरा से भी भेंट की और जनपद स्तर पर पीएम ई विद्या, दीक्षा ऐप आदि पर प्रगति की चर्चा की।

# मिशन शक्ति टीम ने ढकौली में किया बहू-बेटी सम्मेलन

## - महिलाओं-बालिकाओं को दी जागरूकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में थाना राधानगर की मिशन शक्ति टीम ने आज ग्राम ढकौली में बहू–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की करीब 65 से 70 महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को दहेज से जुड़े बढ़ते मामलों के प्रति जागरूक करना था। टीम ने दहेज प्रथा के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला और समाज में इसे जड़ से खत्म करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान थाना राधानगर में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह केंद्र महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रकार की सहायता और सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही महिला सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 1091, 181, 112 आदि के बारे



में विस्तृत जानकारी साझा की गई। मिशन शक्ति टीम ने प्रतिभागियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की महिला उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न या अन्य असुरक्षा की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। यह आयोजन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# बलात्कार के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना पुलिस ने बलात्कार के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश गया है। जानकारी के अनुसार बकेवर थाने पर पंजी.त मु0अ0सं0 19/2026 धारा 64(1)/308(2)/351(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त रोहित सविता पुत्र विजयशंकर सविता निवासी ग्राम बिजुरी थाना बकेवर हाल मुकाम कस्बा बकेवर को रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नारायण ढाबा के पास, कस्बा बकेवर क्षेत्र से सुबह करीब 10.45 बजे गिरतार कर लिया। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बकेवर में पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास के अनुसार मु0अ0सं0 16/25 धारा 105 बीएनएस तथा मु0अ0सं0 19/26 धारा 64(1)/308(2)/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमे पंजी.त हैं। गिरतारी के उपरांत पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना कर दिया। अभियुक्त की गिरतारी में थानाध्यक्ष बकेवर तुषार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय, कांस्टेबल ओमनारायन एवं कांस्टेबल संदीप चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पतंग उड़ा रहे किशोर की छत से गिरकर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धानेमऊ में रविवार की दोपहर छत पर तंग उड़ाते समय 11 वर्षीय किशोर अचानक नीचे गिरकर सरिया की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को वापस ले गए।

जानकारी के अनुसार धानेमऊ गांव निवासी कमर अली का पुत्र सहजान अली रविवार दोपहर छत पर पतंग उड़ा रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया और सरिया की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस चले गए। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# सदर कोतवाल व साइबर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

## - निरीक्षण श्रवण को मिली कोतवाली की कमान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करते हुए सदर कोतवाल रहे तारकेश्वर राय व साइबर थाना प्रभारी रहे सुनील कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा दो पुलिस उपाधीक्षकों के कार्य क्षेत्रों में भी बदलाव किया है। बताते चलें कि सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय लंबे समय से कोतवाली का चार्ज संभाले थे। इनके कार्यकाल के दौरान कई बार प्रभारी पर आरोप–प्रत्यारोप भी लगे थे। एसपी की तबादला एक्सप्रेस रविवार को चली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रहे तारकेश्वर राय को पुलिस लाइन भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन में रहे निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह को सदर कोतवाली प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा साबर थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे सुनील कुमार सिंह को भी लाइन भेजा गया। उनके स्थान पर साइबर थाने के निरीक्षक कमर खान को प्रभारी निरीक्षक का चार्ज सौंपा गया है। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन रहे गौरव शर्मा को क्षेत्राधिकारी अपराध, यातायात, यूपी 112 व क्षेत्राधिकारी अपराध, यातायात, यूपी 112 रहे प्रमोद कुमार शुक्ला को क्षेत्राधिकारी नगर व लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हादसे में पत्रकार के पिता व बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली पुलिया के समीप बाइक साइकिल की भिड़ंत में पत्रकार के पिता व बाइक सवार घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पत्रकार सुनील गुप्ता के पिता अयोध्या प्रसाद पुत्र स्व0 श्रीकेशन निवासी बक्सपुर रविवार दोपहर साइकिल से अंदौली पुलिया सामान लेने आ रहे थे। जैसे ही वह पुलिया के पास पहुंचे तभी मलाका गांव निवासी तेज भवन का 20 वर्षीय पुत्र अंकुल ने बाइक से टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने वृद्ध सहित युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां पत्रकार के पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# एक किलो से अधिक गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राधानगर पुलिस ने 07/08 फरवरी की रात्रि को जखनी अण्डर बाईपास के नीचे जखनी थाना राधानगर से अभियुक्त विनायक उर्फ वासू बाजपेई पुत्र महेश बाजपेई निवासी कस्बा मलवां को गिरतार कर लिया। उसके कब्जे से एक किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा बरामद किया। बरामदगी व गिरतारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 23/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजी.त कर अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेज दिया। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में राधानगर थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, रोहित यादव, कांस्टेबल सुधांशु शुक्ल व आनन्द चौधरी शामिल रहे।

# चंद्रा बालिका में मंथन-3.0 का हुआ आयोजन

## - सामान्य ज्ञान परीक्षा में बारह सौ से अधिक बच्चों ने लिया भाग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रविवार को चन्द्रा ग्रुप आफ इन्सटीट्यूशन की ओर से पीरनपुर स्थित चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज में मंथन–3.0 का आयोजन किया गया। इस ग्रुप की स्थापना जुलाई 1995 में प्रबुद्ध समाजसेवी व भावी चिंतक स्व0 रामस्वरूप गुप्त ने बालिकाओं के शैक्षिक, नैतिक एवं बौद्धिक विकास के लिए की थी। मंथन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे कक्षा पीजी से कक्षा बारह तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थाओं के छात्रों की सामान्य ज्ञान, भाषा ज्ञान, गणित, विज्ञान एवं बुद्धि परीक्षण पर आधारित एक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के माध्यम से छात्र–छात्राओं के अपने विषयों से हटकर सामान्य ज्ञान अर्जित करने हेतु प्रोत्साहन करने के लिए नगद पुरस्कार व सहभागिता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्त एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं ने व्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से मंथन 3.0 परीक्षा सम्पन्न कराई। इस परीक्षा में बारह सौ से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )